RNI CHH HIN-4/12962/POSTAL R.NO. C.G.RYP-DN/05/2022-24/E-mail: krishak_shrinkhla@yahoo.com

प्रकाशन तिथि-15 मई-2023

कृषक श्रृंखला

★ वर्ष-20 ★ अंक-05 ★ माह-मई-2023 ★ पृष्ठ-48 ★ वार्षिक-500/- रायपुर ★ प्रति अंक-42/- मात्र ★ RNI.CHH.HIN.04/12962

साइटोलाइफ एग्रीटेक का प्रथम बिजनेस मीटिंग सम्पन्न

रायपुर। साइटोलाइफ एग्रीटेक प्रा.लिमिटेड मुंबई द्वारा अपनी प्रथम बिजनेस मीट रायपुर के होटल सयाजी में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर कंपनी के तरफ से सीईओ **डॉ अमित त्रिपाठी** प्रमुख मार्गदर्शक **श्री डी.के. चोपड़ा**, **डॉ. शिवलिंगम** वरिष्ठ वैज्ञानिक भाकृअप एनआईबीएसएम सहित छ.ग. के सभी प्रमुख कृषि आदान वितरक व अन्य कृषि जगत के गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित थे।

साइटोलाइफ के सीईओ डॉ अमित त्रिपाठी ने कंपनी की विस्तृत कार्ययोजना को प्रेजेंट किया और कंपनी के विभिन्न विजनेस आयामों को भी बताया जिसमें अभी डाइग्नोस्टिक के साथ अभी इनपुट्स की अनुशंसा तथा अन्य ग्लोबल कृषि तकनिकियॉ भी भारत में आ रही हैं जो किसानों के लिए बहुत लाभदायी होंगी।

श्री डी.के. चोपड़ा प्रमुख मार्गदर्शक साइटोलाइफ कृषि जगत की जाने माने व्यक्तित्व ने अपने वक्तव्य में कंपनी के विजन व मिशन को मानवता और पर्यावरण के बीच एक संतुलन के साथ कर्या करने वाली योजना बताया।

डॉ. जी.पी.पांडे से. अपर संचालक कृषि ने कृषि वितरकों की महत्वपूर्ण भूमिका, जहां व्यापार और किसान हित एक साथ ही साधन होता हैं पर व्याख्यान दिया।

श्री आर एस तिवारी प्रांत प्रबंधक इफको ने कृषि में समन्वित पोषण प्रबंधन पर अपने अनुभव व विचार व्यक्त किए।

डॉ शिवलिंगम, वरिष्ठ वैज्ञानिक आई.सी.ए.आर. एनआईबीएसएम भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। साइटोंलाइफ के इस कार्यक्रम में माननीय कृषि मंत्री, कुलपति व संचालक आईसीएआर एनआईबीएसएम तथा संचालक डी.के.एम.ए. पूर्व कृषि आयुक्त भारत सरकार ने अपने बधाई संदेश पत्र प्रेषित किए। कार्यक्रम के अन्त में सभी वितरक बंधुओ को साइटोलाइफ के सीईओ डॉ अमित त्रिपाठी ने बहुत बहुत आभार प्रकट किया,वितरक बंधुओं ने साइटोलाइफ की कार्यशैली व परिणामोन्मुख वैज्ञानिक उत्पादों को भी खूब सराहा।